Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 14-10-2022 अंक 372

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

## एनटीपीसी के द्वारा ग्रामीणों के आवागमन करने वाली सड़क पर मलबा से ढका गया



बड़कागांव प्रखंड के चुरचू गांव में एनटीपीसी एवं इसकी अधीनस्थ कंपनी त्रिवेणी सैनिक के द्वारा चुरचू से उरूब जाने वाली मुख्य मार्ग को ओबी मालवा से ढक दिया गया है। सड़क में मलवा जाम हो जाने के कारण से मलबा के दूसरी छोर में रहने वाले लोगों को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात्रि 12:00 बजे के आस पास कंपनी के द्वारा सड़क को मालवा से ढक दिया गया। जैसे ही हम लोगों को पता चला हम लोग घटनास्थल पर पहुंचकर काम को रुकवाएं, लेकिन तब तक सड़क को मलवा से ढका जा चुका था। जिसे लेकर हम ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी दिक्कतें हो रही है।

## बांस का बैरियर दे रही सड़क दुर्घटना को आमंत्रण



बरही धनबाद रोड में स्थित आर एन वाई एम कॉलेज के आस पास सड़क के बीचों बीच रखा हुआ बांस का बैरियर सड़क दुर्घटना को आमंत्रण दे रही है। जानकारी के अनुसार दुर्गा पूजा में बड़ी वाहनों का बरही मार्केट में एंट्री नही देने के लिए लगाया गया था। लेकिन आज तक ज्यों का त्यों छोड़ दिया गया है। जो दुर्घटना को निमंत्रण दे रही है।

## सूचना

आप सभी को सूचित किया जाता है की बरही हजारीबाग रोड में स्थित बरही डिफेंस एकेडमी में 10 अक्टूबर से नामांकन प्रारंभ हो चुका है। जहां डिफेंस से संबंधित हर एक प्रकार की तैयारी कराई जाती है। इस बात की जानकारी संस्थान के निदेशक रोहित कुमार यादव ने दी है। विशेष जानकारी के लिए संपर्क करे। संपर्क सूत्र 8709962329

APEM LIVE

# बरही पश्चिमी में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का विधायक ने किया उद्घाटन, 50 कंबल और 9 श्रम कार्ड वितरण किया गया



दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन करते विधायक व अन्य



सखी महिला मंडल को चेक सौंपते हुए



महिला को श्रम कार्ड सौंपते एसडीओ एवं बीडीओ



कंबल वितरण करते हुए

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ष्आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारष के कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बरही पश्चिमी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला, एस डीओ पूनम कुजूर, बीडीओ सी.आर. इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रमुख मनोज रजक, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू शुक्रवार को बरही पश्चिमी पंचायत भवन पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में 15 वीं वित आयोग, आवास, सावित्री भाई फुले किशोरी समृद्ध योजना, ई श्रम कार्ड, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, जिला आपूर्ति सहित अन्य कई स्टॉल लगाए गए। वहीं इस शिविर में कुल 358 आवेदन जमा किए गए। वहीं विधायक ने सखी महिला मंडल को 40 लाख का चेक सौंपा साथ ही कलावती देवी को सुअर शेड निर्माण के लिए 2, 21000 का चेक सौंपा गया। साथ ही 50 जरूरतमंद लोगो के बीच कंबल और 9 जॉब कार्ड वितरण किया गया। इस शिविर में आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लाभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया तथा पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविर में पहुंचकर राज्य सरकार की अनेकों लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मुखिया शमशेर आलम, पंसस जितेंद्र कुमार उर्फ दिव्य, लिपिक महेंद्र राम, सावंत कुमार, मो इम्तियाज, जे ई आसिफ अकरम, दीपक कुमार सहित सखी महिला मंडल की महिलाएं सहित पंचायत के सैकड़ों महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

# पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बरही सुकृति टॉकीज में "आ भी जाओ पिया" के फर्स्ट शो का फीता काटकर किया उद्घाटन




फीता काटकर उद्घाटन करते पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव व अन्य



सुकृति टॉकीज बरही में मूवी देखते पूर्व विधायक व अन्य

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने शुक्रवार को सुकृति टॉकीज में जोहर एंटरटेनमेंट के बैनर तले बने आ भी जाओ पिया के फर्स्ट शो का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा की इस फिल्म की कहानी बहुत ही प्यारी है जो सभी के दिलो को छू लेगी। और इस फिल्म की सबसे खास बात यह है की इस फिल्म की शूटिंग ज्वाहर घाट, तिलैया डैम, तमासिन, पोड़ैया, कोडरमा, सूर्यकुण्ड, बड़कागांव जैसे क्षेत्रों में की गई है। जो हमारे क्षेत्र की खूबसूरती को इस फिल्म के माध्यम से दिखाया जा रहा है। साथ ही इस फिल्म के माध्यम से लोगो को पेड़ बचाने के लिए भी जागरूक किया जा रहा है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की आज के समय में वायु प्रदूषण सबसे बड़ी समस्या है। ऐसे में हम सबका जिम्मेदारी है की पेड़ को कटने से बचाएं और पौधे लगाए। मौके पर प्रोड्यूसर उमेश राना एवं शंभू मेहता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही पश्चिमी क्षेत्र के जीप सदस्या प्रीती कुमारी, अपेम वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भूपेंद्र यादव, राज आर्यन उर्फ छोटी, मुकेश कुमार, नागेश्वर रजक, मुन्ना यादव, अशोक यादव, सचिन यादव, पिंटू कुमार, इंद्रदेव यादव, युगल किशोर यादव, पिंटू सिंह सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे।

## APEM WELFARE FOUNDATION

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

Regd. Under Ministry of Corporate Affairs (Govt. of India)

Regd. No.- U85300/JH/2022/NPL019305

Cont. No. - 7004315535, 9934337941

APEM TRUST HOSPITAL

आपका स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता

## BASIC PARAMEDICAL TRAINING PROGRAMME

Registration Date : 10th Oct. to 20th Oct. 2022 — Reg. Fee : Rs. 500/-

Training Place : 1. APEM Trust Hospital, New Colony, Dhanbad Road, Barhi, Hazaribag
2. Tathagat Hospital, Near Jheel Restaurant, Urwan, Koderma

Forms Available on : APEM Trust Hospital & RS Enterprises, Bakri Bazar, Barhi.

Time of Course : 90 days — Form's Timing : 10 AM to 04 PM

For any Further Query, Contact us or visit us.


12. Details of Qualifying Exam

| S.No. | Exam Passed | University/ Board | Subject | Year of Passing | % / CGPA | Division |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Xth | | | | | |
| 2 | XIIth | | | | | |
| 3 | Graduation | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |

### DECLARATION

I.......................................................................... hereby that I have read the Basic Paramedical Training Prospectus and understood the condition of the eligibility for the Basic Paramedical Training Programme for which I seek registration. I fulfill the minimum eligibility criteria and I have provided necessary information in this Registration Form. In the event of any information being found incorrect or misleading my candidate shall be liable to cancellation from the Basic Paramedical Training Programme at anytime and I shall not be entitled to refund of any fee paid by me to the APEM Trust Hospital, Barhi.

Applicant's Signature:................................. Parent's Signature:.......................................

### IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्वपूर्ण निर्देश)

1. Applicant must use Ball pen with blue/black ink only.
2. Applicant must provide the correct details only.
3. The Minimum eligibility criteria for Basic Parmedical Training Programme is Matric.
4. Applicant must know how to read or write the English language.
5. Form to be accompanied by Copies of ID/Certificates (e.g. Adhar,Matriculation, and others if any).
6. The Form should be submitted within 10 days of issusing form.
7. Applicant should have a basic knowledge of Medical.
8. The Basic Paramedical Training Programme is of 90 days, and you must have to attend all days.
9. At the end of the training a test will be organised, if you pass then certificate will be issused.
10. Applicant should get the form with a Registration Fee of Rs. 500/-(Five Hundred Rupees only).
11. Applicant can use the certificate for the Diploma/Degree in Paramedical in future.

---

**FOR OFFICE USE ONLY**

Reg. No. - ............. Form No.-.............

Applicant Name: ................................................. Father's Name:.......................................................

Address: ......................................................................................................

Fee Received(Rs.): ..........................(In Words) ....................... ..............................

By Cash/Cheque...: ....................... ...Bank of ...........................Dated:...............

Accounts officer's Signature: ..................................(Name):.......................................

Form Checked & Verified By: ................................ (Name): .......................................

Office Administrator.............................................. Dated:... ................................

## APEM WELFARE FOUNDATION

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

Regd. Under Ministry of Corporate Affairs (Govt. of India)

Regd. No.- U85300/JH/2022/NPL019305

Cont. No. - 7004315535, 9934337941

APEM TRUST HOSPITAL

Reg. No. 2036000529

### BASIC PARAMEDICAL TRAINING PROGRAMME

### REGISTRATION FORM

Affix Recent Passport Size Photo with Self Attested Signature

**Reg. No. - .............**

**Form No.-.............** **Date : ...........................**

***(Please fill the Registration Form in CAPITAL LETTERS)***

1. Applicant Name (In English): ..................................................................
   आवेदक का नाम (हिन्दी में): ..................................................................
2. Father's Name (In English): ..................................................................
   पिता का नाम (हिन्दी में): ..................................................................
3. Mother's Name (In English): ..................................................................
   माता का नाम (हिन्दी में): ..................................................................
4. Dateof Birth (जन्म तिथि): ......../......../............... 5. Nationality(राष्ट्रीयता):...........................
6. Gender(लिंग): Male/Female ........................ 7. Category (SC/ST/OBC/GEN): ..........................
8. Marital Status: Single/Married/Divorced ..................................................................
9. Address for Correspondence(पत्राचार पता): ..................................................................
   ..................................................................
   Post Office:.............................Police Station:.............................Pin Code:....................
   City:..........................State:...................................Country:..................................
10. Contact No.(संपर्क सं0): LandlineNo.: ....................................
    Mobile No.: ....................................
11. EmailID (ईमेल आई डी) : ........................................ Aadhar No...................................

### बेसिक पारामेडिकल ट्रेनिंग प्रोग्राम (डिप्लोमा/डिग्री के लिए)

आप क्या सीखेगें



1. BP नापना



2. सूई देना



3. OT बेसिक मैनेजमेंट



4.बेसिक दवाईयाँ



5. Sline चढ़ाना




6. ऑक्सीजन देना



7. ICU बेसिक मैनेजमेंट



8.Blood Test

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने बरही के विभिन्न दुकानों में किया औचक निरीक्षण

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



खाद्य सुरक्षा के अधिकारियों ने शुक्रवार को बरही के विभिन्न दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में फूड सेफ्टी अ०फिसर प्रकाश चंद्र, एनालिसिस स्नेहा श्रीवास्तव, संदीप महतो एवं अनिल कुमार तिर्की शामिल रहे। जिला सुरक्षा खाद्य अधिकारी प्रकाश चंद्र ने बताया की बरही के विभिन्न दुकानें सहित विभिन्न दूध डायरी, किराना की दुकानें और खाद्य पदार्थ बेचने वाले दुकानों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा की कुछ नमूने लेकर जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला जांच के लिए भेजा जाएगा। इस दौरान जो खाद्य पदार्थ खाने योग्य नहीं थे। उन्हें मौके पर ही नष्ट करवा दिया गया। मिठाई विक्रेताओं एवं निर्माताओं व अन्य खाद पदार्थ बेचने वाले दुकानदारों को ताजा व शुद्ध खाद पदार्थ बेचने की सलाह दी गई है। इसके अलावा सभी दुकानदारों के चेतावनी दी गई है की यदि कोई भी दूषित व बाशी मिठाई बेचता मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

## रोहित यादव ने अमृत ट्रॉफी के लिए खोड़ाहर पंचायत योद्धा टीम को दी स्वीकृति

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


खिलाड़ियों के साथ उपमुखिया रोहित यादव

बरही प्रखंड अंतर्गत खोड़ाहर पंचायत के उपमुखिया रोहित यादव ने अमृत ट्र०फी 2022 के लिए खोड़ाहर पंचायत की फुटब०ल टीम को स्वीकृति दी। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा की खेल का हमारे जीवन का एक अवश्य हिस्सा है। स्वास्थ्य शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है जो हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते है। जिस प्रकार दिमाग के सही विकास के लिए शिक्षा जरूरी है ठीक उसी प्रकार शारीरिक विकास के लिए अति आवश्यक है। वहीं खोड़ाहर पंचायत के लिए कप्तान सुबोध बाड़ा, कोच सुरेंद्र एक्का, सुमन एक्का, अमरदीप बिन्हा, दीपक एक्का, रिंकू लिंडा, नीरज बाड़ा, करण कुमार, अभय एक्का, सुजीत टोप्पो, रंजीत कुमार, जितेंद्र कुमार, अरुण कुमार, रूपेश कुमार यादव, शत्रुधन कुमार एवं सोनू बाड़ा चयनित किए गए है।

## सरकार आपके द्वार शिविर में 293 में 171 मामलों का हुआ निष्पादन, 118 रहे लंबित

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ के बेड़ा हरियारा पंचायत में शिविर का उद्घाटन करते जनप्रतिनिधि

विष्णुगढ़ के बेड़ा हरियारा पंचायत में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, सीओ रामबालक कुमार, जिप सदस्य शेख तैयब, बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव, उपप्रमुख सरयू साव, मुखिया रामचंद्र यादव, पंसस कल्पना देवी, पूर्व जिप सदस्य यशोदा देवी आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। शिविर में लोगों के बीच सरकार द्वारा चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। लोगों की समस्याओं से संबंधित विभिन्न विभागों के अलग अलग स्टाल लगाए गए थे। शिविर में कुल 293 मामले प्राप्त हुए। जिसमें 171 मामलों का ऑन द स्प०ट निष्पादन कर दिया गया। वहीं, 118 मामले लंबित रह गए। चार मामले विभिन्न कारणों से अस्वीकृत कर दिए गए। शिविर में जरूरतमंदों के बीच कंबल, सोना सोबरन योजना से धोती, साड़ी व लुंगी, मनरेगा का जॉब कार्ड, केसीसी ऋण का स्वीकृति प्रमाण पत्र आदि प्रदान किया गया। शिविर में कई लोग समस्याओं का त्वरित निष्पादन नहीं होने से नाराज भी दिखे। वरीय पदाधिकारी डीएसओ अरबिंद कुमार ने कहा कि शिविर के माध्यम से लोगों के विभिन्न मामलों का त्वरित निष्पादन हो रहा है। इससे लोगों में उत्साह है। शनिवार को करगालो पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## आर्यकर्ण निधि फाउंडेशन से तलसवार में संचालित फुटबॉल टूर्नामेंट तलसवार पं को हराकर ऊरेज चौंपियन

### फाइनल मैच तलसवार पंचायत बनाम ऊरेज के बीच खेला गया,तीसरा पसेरिया तथा चौथा पलांडू टीम को संतोष करना पडा

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : प्रखंड अंतर्गत ग्राम तलसवार स्कूल मैदान में आर्यकर्ण निधि फाउंडेशन के द्वारा संचालित फुटब०ल टूर्नामेंट का सेमीफाइनल व फाइनल मैच शुक्रवार को खेला गया,जिसमें फाइनल मैच तलसवार पंचायत बनाम ऊरेज के बीच खेला गया,जिसमें ऊरेज ने तल. सवार पंचायत को 2–0 से हराकर विजय हुए। बताते चलें कि आर्यकर्ण निधि फा. उंडेशन के द्वारा फुटब०ल प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि सीएमडी रंजीत कुमार, विशिष्ट अतिथि तलसवार पंचायत मुखिया प्रतिनिधि संजय महतो शामिल हुए।प्रतियोगिता 25 सितंबर 2022 से प्रारंभ हुआ था। प्रतियोगिता में 32 टीमों ने भाग लिया था।जिसमें सेमीफाइनल में तलसवार पंचायत बनाम पसेरिया के बीच में तलसवार पंचायत टीम पेनल्टी शूट में विजय हुए।वहीं दूसरी सेमीफाइनल मैच में ऊरेज बनाम पलांडू के बीच में ऊरेज पेनल्टी शूट में विजय होकर फाइनल मैच जगह बनाई।. प्रतियोगिता का प्रथम टीम को मुख्य अतिथि सीमडी रंजीत कुमार 10000 रुपया व शिल्ड तथा विशिष्ट अतिथि मुखिया प्रतिनिधि संजय महतो उपविजेता टीम को 5000 रुपया व शिल्ड देकर सम्मानित किर्ये। मौके पर मुख्य रूप से आर्यकर्ण निधि फाउंडेशन सीएमडी रंजीत कुमार, अध्यक्ष सरोज सोनी,पंसस कृष्णा राम प्रतियोगिता अध्यक्ष देवनारायण साव,सचिव कैलाश राणा,कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार महतो,संरक्षण आनंद प्रसाद कुशवाहा, खेल प्रभारी जितेंद्र कु.साव,प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुइयां, समाजसेवी कौलेश्वर गंझू,फाउंडेशन के सदस्य विनोद सर,पवन कुमार,चिंतामनी, सुनिता कुमारी, बालकृष्णा कुमार,चोहन साव, मुंद्रिका सिंह,सिकेंदर कुमार, अशोक सर,कृष्णा सर,रेफरी चंदर साव,धन्नजय कुमार, उपमुखिया प्रतिनिधि सुरेंद्र साव,संजय साव,जितेंद्र कुमार, जागेश्वर तुरी,राजु कु.साव,सोहर साव,केदार महतो,कृपाल महतो,डिगेश्वर साव,पप्पू राणा इत्यादि लोग उपस्थित थें।

## नवोदय पब्लिक स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित, बच्चों के बीच रिपोर्ट कार्ड वितरित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


रिपोर्ट कार्ड वितरण करते प्राचार्य सुधीर चंद्रा

नवोदय पब्लिक स्कूल साधनापुरी बरही में अर्धवार्षिक परीक्षा 2022 का परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सुधीर चन्द्र ने रिजल्ट कार्ड बच्चों के बीच बांटा । जिसमें नर्सरी क्लास में प्रथम लाने वाले विद्यार्थी कुणाल कपरदार, द्वितीय आर्या वर्णवाल, तृतीय स्थान सत्यम सैनी, एलकेजी क्लास में प्रथम स्थान फेंका फातिमा,द्वितीय युवराज कुमार ,तृतीय पंकज कुमार ,यूकेजी क्लास प्रथम स्थान अनूपा कुमारी, द्वितीय सैफा परवीन, तृतीय ऋषभ कुमार ,पहली कक्षा में प्रथम स्थान श्रुति कुमारी, द्वितीय स्थान लाइबा परवीन , तृतीय फैजान अली, क्लास दूसरा में प्रथम स्थान रिद्धि वर्मा, द्वितीय स्थान ऐसा प्रवीण, तृतीय शिवानी कुमारी,क्लास तीसरा में प्रथम स्थान कौशल प्रभात ,द्वितीय ऋतिक कुमार, तृतीय सुहानी कुमारी, क्लास चौथा में प्रथम स्थान मोहम्मद हमदान, द्वितीय दिनेश कुमार, तृतीय मानवीय कुमारी, क्लास पंचम में प्रथम स्थान ऐसा सिद्धकी, द्वितीय स्थान करीना कुमारी, तृतीय विशाखा कुमारी, क्लास छठा में प्रथम स्थान आरसी परवीन, द्वितीय स्थान सबीना परवीन, तृतीय अस्मिता कुमारी ने प्राप्त किया।। रिजल्ट को बनाने में शिक्षक नियाज उस्मानी, विकास शर्मा, संजय कुमार, शिक्षिका मोनिका कुमारी ,दीपा वर्णवाल, सोनाली तिवारी, गुलअफशा परवीन, राखी कुमारी ने सराहनीय योगदान दिए।

APEM LIVE NEWS
सच का साथी



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## अखिल झारखंड महिला संघ का जिला सम्मेलन को लेकर आजसू पार्टी की हुई बैठक

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


बैठक में शामिल आजसू कार्यकर्ता

बड़कागांव : आजसू पार्टी के प्रखंड आवासीय कार्यालय बड़कागांव में अखिल झारखंड महिला संघ का जिला सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक की गई। आजसू पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गौतम कुमार वर्मा ने कहा कि 16 अक्टूबर को होने वाला जिला सम्मेलन मे झारखंड में हो रहे महिलाओं के अत्याचार पर विस्तृत चर्चा की जाएगी और आगे आंदोलन की रूप रेखा तैयार किया जाएगा। जिला उपाध्यक्ष कामेश्वर महतो ने कहा कि महिला सम्मेलन में बड़कागांव प्रखंड से अधिक से अधिक महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित किया जाएगा। केंद्रीय सदस्य संदीप कुमार कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आजसू पार्टी काम करती आई है। और आगे भी करती रहेगी। आने वाले दिनों में पार्टी में अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ा जाएगा। और प्रखंड महिला कमेटी को मजबूत बनाया जाएगा।प्रखंड प्रवक्ता तापेश्वर कुमार ष्तापसष ने कहा कि आज झारखंड में महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रही है। आजसू पार्टी महिलाओं के हक और अधिकार के लिए लड़ती रही है और आगे भी आवाज को बुलंद किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड सचिव मनोज कुमार दांगी, तुलेश्वर राम, जिला सचिव दिनेश कुमार महतो,वरिष्ठ नेता शंकर पांडे, अजीत कुमार मेहता,कमलेश कुमार कसेरा, नरेश कुमार,इत्यादि लोग मौजूद थे।

## बेंगोकला पंचायत भवन में खुला आधार पंजीकरण केंद्र

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**



कान्हाचट्टी प्रखण्ड अंतर्गत बेंगोकला पंचायत भवन में माननीय जिला परिषद् उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी (बिरजू तिवारी) ने आधार पंजीकरण केंद्र का उद्घाटन फीता काटकर व विधिवत पूजा-अर्चना कर किया. वहीं इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस केंद्र के खुला जाने से लोगों को काफी सहूलियत हो सकेगी. कहा कि आधार पंजिकरण केंद्र का खुलने से यहां के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। लोगों को आधार कार्ड में किसी भी तरह के अपडेशन जैसे जन्मतिथि, पता, मोबाइल नंबर और ई-मेल पता आदि सुधारने के लिये इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। आधार सेंटर संच. ाlक निकेत सिंह ने बताया कि नया आधार केंद्र सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक खुला रहेगा वहीं इस मौके पर मनोज सिंह, विजय सिंह, प्रकाश यादव, दशरथ सिंह, लालमणि सिंह मिथलेश सिंह, विवेक सिंह, मनोज सिंह भोक्ता, सुबोध सिंह, पंचायत सचिव मुरली राम, कुलेश्वर सिंह बसन्त कुमार,चेतलाल कुमार, प्रिंस कुमार, सुनील कुमार, डब्लू सिंह भोक्ता समेत अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सैकड़ों आवेदन प्राप्त किए गए

**अपेम लाइव : बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : चेपाकलां पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधिवत विधायक अंबा प्रसाद, एसी राकेश रौशन, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे एवं मुखिया अनिकेत नायक के द्वारा दीप प्रज्व. लित कर किया गया। मुख्य अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आपूर्ति विभाग, मनरेगा, बाल विकास विभाग, जेएसएलपीएस, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, 15वें वित्त, पशुपालन, कृषि, सहकारिता (पैक्स सदस्य निबंधन), कल्याण विभाग, सांख्यिकी जन्म-मृत्यु निबंधन, राजस्व विभाग, सर्वजन पेंशन, स्वच्छता विभाग, प्रधानमंत्री आवास विभाग इत्यादि का स्ट०ल लगाया गया। विधायक अंबा प्रसाद ने हेमंत सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस कार्यक्रम के पूर्व लाभुकों को ब्ल०क की चक्कर लगाना पड़ता था, लेकिन इस योजना के तहत ग्रामीणों को तुरंत काम किया जा रहा है। योजना के लाभ से सीधे जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री सुकन्या योजना के जगह पर सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना लागू कर आठवीं से 12वीं क्लास के बच्चियों को प्रोत्साहन राशि देना शिक्षा में सहायक सिद्ध होगा। साथ ही, बाल विवाह की दर में भी कमी आएगी। मौके पर मुख्य रूप से विधायक अंबा प्रसाद, एसी राकेश रौशन, प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र पांडे, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, प्रदीप तिर्की, मुखिया अनिकेत नायक, काग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, रिंकू रवि, आशीष पासवान, भास्कर राज, संजय रजक, प्रकाश कुमार, जेएसएलपीएस बीपीएम राम प्रकाश कुमार, अरुण पासवान, हीरो महतो, खुसनारायण मेहता, सुरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, अनंत कुमार, पंकज कुमार, अगस्त शर्मा, पूजा रॉय के अलावा सैकड़ों लोग उपस्थित थें।

## आप की योजना ,आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम झारखंडीयों के लिए श्री राम रूपी माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अवतार लेकर कार्य कर रहे हैं

**अपेम लाइव : संतगांवा**



झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रखंड सचिव धर्मेंद्र कुमार इस कार्यक्रम को भगवान के रूप में समस्याओं का समाधान हेतु भगवान श्री राम रूपी माननीय मुख्यमंत्री खुद अवतार लेकर गरीबों, वंचितो, शोषितों को कल्याण करने हेतु अवतार लिए है। यह कार्यक्रम झारखंड की जनमानस के लिए वरदान साबित हो रही है माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन चुनाव के समय जितने भी वादे किए थे आज उसे एक एक कर जन जन तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इसी तरीके से यदि कार्यक्रम धरातल पर उतारने का क्रियाकलाप चलते रहा तो एक दिन झारखंड स्वर्ग का दूसरा रूप देखने को मिलेगा जो कि माननीय मुख्यमंत्री जी इस स्वरूप का दाता रहेंगे ।इस कार्यक्रम को प्रखंड अंतर्गत लक्ष्य हासिल करने के लिए संबंधित विभाग को थोड़ी सी और प्रचार प्रसार करने की आवश्यकता है जिससे कि अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति भी इस कार्यक्रम से लाभान्वित हो सके जिससे की माननीय मुख्यमंत्री जी का सपना साकार हो सकेगा। अभी भी प्रखंड अंतर्गत कुछ वैसे सुदूरवर्ती इलाके में गरीब, अनपढ़ जनता है यदि प्रचार प्रसार में जोर नहीं दिया गया तो वैसे में हमारे प्रखंड की जनता लाभान्वित होने से वंचित रह जाएंगे ।

## पूर्व विधायक ने बसरिया में डिफेंस एकेडमी कार्यालय का किया उदघाटन

### युवाओं को रोजगार दिलाने में कारगर साबित होगा डिफेंस एकेडमी : मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने बसरिया में डिफेंस एकेडमी कार्यालय का उदघाटन फीता काटकर किया। इस दौरान संचालक आकाश गुप्ता ने अतिथियो को बुके देकर स्वागत किया व अपने डिफेंस अकेडमी के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। संचालक ने बताया कि कार्यालय बसरिया में रखा गया है जबकि युवाओं को हथिया खेल मैदान में प्रशिक्षण दिया जाट है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि युवाओं को रोगजार दिलाने में मिल का पत्थर साबित होगा। युवा आर्मी भर्ती में जाने से पहले पूर्ण रूपेण प्रशिक्षित होंगे। प्रशिक्षण लेने वाले युवा शारीरिक रूप से भी फिट होंगे। ग्रामीण स्तर पर इस प्रकार के प्रशिक्षण केंद्र खोलने के लिए पूर्व विधायक ने आकाश गुप्ता को बधाई दिया व हर सभव मदद का भरोशा दिया। मौके पर जिला परिषद सदस्या आरती कौशल, बेलाही मुखिया मंटू सिंह, पंचायत समिति विकास रजक, पूर्व मुखिया नरेश पासवान, बसरिया उपमुखिया प्रतिनिधि संजय यादव, भाजपा नेत्री बंसती देवी, नीलू देवी, मनोज यादव, अनिल केशरी, पिन्टू सोनी, प्रेमधारी दाँगी, विजय साव,




APEM LIVE

डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## आर्यावर्त मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड का उद्घाटन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


उद्घाटन करते अतिथि  कृष्ण कुमार सिंह

बड़कागांव हजारीबाग रोड स्थित स्टूडियो अंशु ग्रीन पार्क के ऊपरी तल्ले पर नए संस्थान आर्यावर्त मार्केटिंग प्राइवेट लिमिटेड का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि एक्सिस बैंक के प्रबंधक कृष्ण कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि कृष्णा राम के हाथों फीता काटकर किया गया। मौके पर प्रोपराइटर हेमराज कुमार साहू ने कहा कि हमारे संस्थान में सभी प्रकार के घरेलू उत्पाद सामग्री गुणवत्ता के साथ सस्ते दरों में विक्री किया जाएगा। मौके पर उपस्थित मुख्य अतिथि एक्सिस बैंक के ब्रांच मैनेजर कृष्णा सिंह , विशिष्ट अतिथि पंचायत समिति सदस्य कृष्णा राम, अभिषेक सिंह, राहुल राज, मोहन महतो, संदीप सिंह, प्रोपराइटर हेमराज कुमार साहू, रविंद्र कुमार कुशवाहा ,सुजीत कुमार गुप्ता, नितिन गुप्ता, प्यारे लाल साहू, सिकंदर कुमार साव ,राजेंद्र ठाकुर, राहुल ठाकुर, यमुना देवी, प्रभा देवी, मुकेश कुमार ,दिलीप साहू ,अरुण साहू अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## समावेशी शिक्षा अंतर्गत दिव्यांग छात्र छात्राओं हेतु सहायक उपकरण वितरण एवं जांच शिविर कार्यक्रम संपन्न

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग के द्वारा समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग छात्र छात्राओं के लिए सहायक उपकरण हेतु वितरण सह जांच शिविर कार्यक्रम का आयोजन राजकीय कन्या मध्य विद्यालय बड़कागांव में किया गया।जिसका विधिवत उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद एवं बड़कागांव पूर्वी पंचायत की मुखिया विमला देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्व. लित कर किया।शिविर का संचालन रिसोर्सेज धर्मेंद्र कुमार एवं शिवनाथ कुमार ने किया। जिसने पूर्व से चिन्हित 6 छात्र/छात्राओं के 20 सहायक उपकरण का वितरण किया गया। शिविर में 22 छात्र छात्राओं को जांच कर चिन्हित किया गया।वही मौके पर बीईईओ जवाहर प्रसाद ने कहा कि सरकार की योजना को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी का कर्तव्य है ।और इसमें प्रखंड के शिक्षक सहित समाज के सभी तबके के लोगों का पूर्ण सहयोग मिल रहा है।जो सराहनीय है।ताकि दिव्यांगों को समय पर सहायक उपकरण मिल जाने के पश्चात उसे अपने कार्य करने में सहूलियत हो सके।मौके पर मुख्य रूप से बीपीएम प्रह्लाद गुप्ता, बीआरपी अभय कुमार, शंभू शरण दास, सागर कुमार, रंजीत नाग , रामेश्वर प्रसाद,एवं शिक्षक शिव शंकर पाठक आदि उपस्थित थे।

## सुनील बने युवा कांग्रेस के विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


मनोनयन समारोह में मौजूद युवा कांग्रेस में पदाधिकारी

विष्णुगढ़ प्रखंड के युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील कुमार मनोनीत किये गए हैं। प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, विधानसभा प्रभारी दीनबंधु, रामगढ़ जिलाध्यक्ष अजीत करमाली, मांडू विस कांग्रेस प्रभारी मधु चौधरी की उपस्थिति में मनोनयन किया गया। सुनील कुमार ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के सम्मान पर खरा उतरने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने रामगढ़ युवा जिलाध्यक्ष अजीत करमाली का आभार व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि देश की सबसे पुरानी कांग्रेस पार्टी के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत की गई है। जो सभी कार्यकर्ताओं के लिए खास है। पार्टी की मजबूती के लिए सभी कार्यकर्ता दृढ़ संकल्पित रहे। यह यात्रा एक ऐतिहासिक यात्रा होगी। मौके पर ताहिर अली, जययूल अंसारी, कोमल शर्मा, कमलेश, चंदन कुमार, बालेश्वर सोनी, नितिन कुमार, शुभम कुमार, जेपी समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आग से जलकर महिला गंभीर रूप से घायल, कोडरमा रेफर

**अपेम लाइव : सतगावां**

सतगावां थाना क्षेत्र के राजघटी में गुरुवार की रात्रि एक महिला आग से जलकर गंभीर रूप से घायल होने का मामला प्रकाश में आया है इस सं. बंध में घायल महिला के पति मुकेश भाट उम्र 24 वर्ष पिता शम्भू महाराज ने पुलिस के समक्ष सदर अस्पताल कोडरमा में अपने बयान में बताया कि मेरी पत्नी रुचि देवी उम्र 20 वर्ष गुरुवार की संध्या 7रु30 बजे अपने घर के छत पर लकड़ी के चूल्हा में खाना बनाने के दौरान कि. रासन तेल डालने के दौरान भभकने से आग का लपेटा साड़ी में पकड़ने से जलकर गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे मेरे पिताजी व बहन के द्वारा आग से बचाया गया और उसे प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लाया गया जहाँ स्थिति को गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए कोडरमा रेफर किया गया है। वहीं गंभीर रूप से घायल महिला की मायके बिहार राज्य के जमुई जिले के खैरा थाना क्षेत्र में हिन्दू रीति रिवाज के साथ विवाह 8 माह पूर्व हुई है।

APEM LIVE

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में बढ़ रहा लोगों का रुझान , झापा में 437 लोगों ने दिया आवेदन

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**




चौपारण : प्रखण्ड में आपकी योजना आपकी सरकार आपकी द्वार कार्यक्रम का शुक्रवार को तीसरा दिन था। तीसरे दिन झापा पंचायत के ग्राम बिसनपुर में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर शिविर लगा। जिसका विधिवत उद्घाटन बरही विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला, बीडीओ प्रेमचन्द सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, जिप सदस्य भाग 1 राकेश रंजन, झापा पंचायत की मुखिया अनपूर्णा ,कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष विकास यादव, मुखिया प्रतिनिधि बिनोद सिंह ,बिरेन्द्र शर्मा सहित अन्य के द्वारा द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला ने लोगों से बढचकर सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लाभ लेने को कहा। साथ ही उन्होंने कहा कि कोई ब्यक्ति किसी भी पंचायत शिविर में जाकर काम करवा सकते हैं। वहीं बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा ने कहा शिविर में कुल 437 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमे 167 आवेदन अ०न द स्पॉट स्वीकृत हुए। 270 आवेदन लंबित जो प्रक्रिया में हैं। कुल आवेदनों में वृद्धा पेंशन के 20 , विधवा पेशन के 03, नया राशनकार्ड के 17, राशनकार्ड सुधार के 72, किसान क्रेडिट कार्ड के 10, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 25 व रोजगार सृजन योजना के 10, मनरेगा जॉब कार्ड के 5,मनरेगा के तहत नई योजना की स्वीकृति 45 , फूलो झानो योजना के 1, कम्बल वितरण 60, स्वास्थ्य जांच के लिए 70 ,कोविड वैक्सीनेशन 10 , जाति प्रमाण पत्र आवेदन के 2, आय प्रमाण पत्र के 1, लगान रसीद के 4 , बीज वितरण हेतु 82 आवेदन प्राप्त हुए।

## हथिया में ग्रामीण फुटबॉल टुर्नामेंट की हुई शुरूआत चौबीस टीम ले रही हिस्सा,

### खेल आगे बढने की देता है प्रेरणा : मनोज यादव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



बरहमोरीया पंचायत के हथिया में आयोजित डॉ भीम राव अंबेडकर फुटब०ल टुर्नामेंट का उद्घाटन पूर्व विधायक मनोज यादव, प्रमुख पूर्णिमा देवी, जिप सदस्य राकेश रंजन, मुखिया सरिता देवी, प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, पंसस प्रतिनिधि महेंद्र यादव, पंसस प्रतिनिधि मो अतहर, कुलदीप यादव, पिंटू सोनी, मनोज यादव, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार , बसंती देवी, नीलु देवी आदि ने किया। मौके पर आयोजक संस्था के अध्यक्ष कुलदीप पासवान, सचिव चांद प्रसाद, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में चौबीस टीम हिस्सा ले रही है। इसके पूर्व आयोजकों ने पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव का भव्य स्वागत किया। उन्होंने खिलाड़ीयों का मनोबल बढाते हुए कहा कि खेल से न सिर्फ प्रतिभा का विकास होता है बल्कि कैरियर का निर्माण होता है। खिलाड़ीयों को हर संभव सहायता दिया जायेगा। उदघाटन मैच सेलहारा और नावाडीह के बीच खेला गया। मौके पर डा छुमंतर,मनोव्वर अंसारी, रामप्रवेश रविदास, बालेश्वर यादव, आकाश कुमार समेत बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

## हम लोग गड़िया गांव के सभी ग्रामीण सपथ लेते हैं कि अब पोस्ता की खेती नहीं करेंगे

### चतरा जिला प्रशासन के पहल पर थाना प्रभारी राजपुर की सराहनीय कदम

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**
**प्रमोद कुमार सिंह**




कान्हाचट्टी : राजपुर थाना क्षेत्र के गड़ीया गांव में शुक्रवार को अफीम की खेती नहीं करने को लेकर आरक्षी अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना प्रभारी राजपुर विकास पासवान के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया।मुख्य रूप से अति नक्सल प्रभावित गांव गड़िया के ग्रामीण उपस्थित थे।ग्रामीणों को पोस्ता अफीम से होने वाला नुकसान एवं दुष्प्रभाव के बारे में थाना प्रभारी राजपुरी विकास पासवान के द्वारा समझाया गया स ग्रामीणों द्वारा पुलिस को अवगत कराया कि हम सभी अफीम का खेती नाही करूंगा और ना ही किसी को करने दूंगा आगे अफीम का खेती नहीं करने के लिए शपथ भी खाई।। गड़ीया ग्राम के करीब 50 लोग जागरूकता अभियान में उपस्थित थे।ग्रामीणों ने हाथ ऊपर कर कहा कि हम लोग गड़िया गांव के ग्रामीण ईश्वर को साक्षी मानकर सपथ लेता हूँ कि हम लोग अब पोस्ता की खेती नहीं करूंगा और ना ही किसी को करने दूंगा।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार    सहयोगीः सोनू पंडित,    एडिटिंग- सोनू पंडित    मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार